## हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

## (तिथि 24 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वी॰ रामासुब्रमण्यन को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रियांक कानूनगो और डॉ॰ बिद्युत रंजन सारंगी को आयोग का सदस्य बनाया गया है।न्यायमूर्ति रामासुब्रमण्यन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में गत वर्ष 29 जून को सेवानिवृत्त हुए थे।यह नियुक्ति पूर्व न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा के इस वर्ष पहली जून को आयोग के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद हुई है।

************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रसिद्ध फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल के निधन पर शोक जताया है।श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्याम बेनेगल की फिल्मों में कहानी पेश करने के तरीके की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बेनेगल ने भारतीय सिनेमा पर गहरा प्रभाव डाला है और समाज के विभिन्न तबके उनके कार्य की सराहना करते रहेंगे।

************************************************************

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे। जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन उनके लिए संघर्ष किया। श्री गोयल चौधरी चरण सिंह की जयंती पर कल गांव सिहोल में धानुका कृषि शोध एवं प्रौद्योगिकी केंद्र में किसान दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि बी जे पी सरकार किसान हितैषी सरकार है। सरकार ने किसानों के हित में अनेक ऐतिहासिक फैसले लिए है। ताकि किसानों की आय को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में स्वामीनाथन

आयोग का गठन किया गया और किसानों का आय को डेढ़ गुणा करने की बात कही गई, लेकिन रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया। जबकि बी जे पी सरकार ने 10 वर्षो में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को समायोजित कर लागू किया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने  किसानों हित को ध्यान में रखते हुए 14 की जगह अब 24 फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर  खरीदने की अधिसूचना जारी की है।इस अवसर पर श्री विपुल गोयल ने किसानों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

*****************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को हरियाणा में 2025 तक पूरी तरह लागू कर दिया जायेगा, हालांकि केंद्र सरकार ने इसे 2030 तक लागू करने का लक्ष्य दिया है। कल पंचकूला में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद श्री ढांडा ने बताया कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर प्रदेश भर में नई शिक्षा नीति के प्रचार-प्रसार का आगाज़ किया जाएगा। इसके तहत संगोष्ठी का आयोजन कर विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालयों के शिक्षाविदों से सुझाव लिए जाएंगे। इसके अलावा पोर्टल पर ऑडियो, वीडियो व लिखित में सुझाव भी मांगे जाएंगे और छात्र नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी नई शिक्षा नीति का प्रचार व प्रसार करेंगे।श्री ढांडा ने कहा कि ग्राम पंचायतों को भी नई शिक्षा नीति के साथ जोड़ा जाएगा। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को नई शिक्षा नीति को लेकर खिलाड़ियों, एन.सी.सी कैडेट व होनहार छात्रों को ब्रांड एंबेस्डर बनाने के निर्देश भी दिए हैं।

*****************************************************************

हरियाणा में पशुपालन तथा डेयरी विभाग की पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामूहिक पशुधन बीमा योजना को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में शामिल किया गया है। अब यह योजना 45 दिन की निर्धारित समय-सीमा में प्रदान की

जाएगी।मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है।इस योजना के लिए विभाग के उप-मंडल अधिकारी को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है। शिकायत निवारण के लिए पशुपालन तथा डेयरी व सघन पशुधन विकास परियोजना के उप-निदेशक को प्रथम अपीलीय अधिकारी जबकि हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक अथवा उप-निदेशक स्तर के उनके प्रतिनिधि को द्वितीय अपीलीय अधिकारी बनाया गया है।

*************************************************************

हरियाणा में जन्म प्रमाण पत्र में नाम दाखिल करवाने के लिए 31 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।अम्बाला के सिविल सर्जन डॉ ॰ राकेश सहल ने बताया कि नामकरण न होने के कारण बहुत से बच्चों का नाम वाला खाना खाली छोड़ दिया जाता है और बच्चों का नाम बाद में दाखिल होने से रह जाता है। उन्होंने बताया कि अभी 15 साल तक के जन्म प्रमाण पत्र में नाम दाखिल करवाया जा सकता था लेकिन अब 15 साल पहले जन्मे बच्चों के नाम भी दाखिल करवाया जा सकते है।

*************************************************************

आज देशभर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जा रहा है। हर साल 24 दिसंबर को मनाया जाने वाला यह दिवस प्रत्येक उपभोक्ता के अधिकार और उत्तरदायित्व के महत्व को उजागर करता है। इसी दिन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू हुआ था, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को खराब सामान की आपूर्ति, सेवाओं में कमी और व्यापार के अनुचित तौर-तरीकों के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना है।